वातावरण स्वच्छ बनायेंगे, संचारी रोग भगायेंगे

» वृक्षारोपण एवं टाउनहाल स्थित शहीद पार्क का किया गया निरीक्षण

विश्ववार्ता संवाद

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा ने सुभाष चौराहे के चारो तरफ नगर निगम द्वारा कराये गये वृक्षारोपण एवं टाउनहाल स्थित शहीद पार्क का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त संतोश कुमर शर्मा द्वारा सर्वप्रथम नगर क्षेत्र के सिटी पार्क से सुभाष चौराहा से मोहम्मदी रोड, सुभाष चौराहा से अटसलिया फाटक तक एवं रेती रोड पर कराये गये वृक्षारोपण के कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा संबन्धित को निर्देशित किया। कि तेज धूप को ध्यान में रखते हुये पौधों की उचित देखभाल हेतु पौधों को नियमित रुप से पानी दिया जायें व निरीक्षण स्थलों पर ट्री गार्ड लगाये जाने हेतु निर्देषित किया। इसके साथ ही ट्री गार्ड की रंगाई पुताई किये जाने हेतु संबन्धित को निर्देषित किया। निरीक्षण के समय सिटी पार्क से सुभाष चौराहा के उत्तर की तरफ पौधें व ट्री गार्ड लगाये जाने हेतु निर्देषित किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने टाउनहाल स्थित बने शहीद पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय शहीद पार्क के पष्चिमी गेट पर ब्लॉक स्पॉट पाये गये।

उन्होंने गेट से ब्लैक स्पॉट हटवाकर उक्त स्थल पर सौन्द्रयीकरण कराये जाने हेतु संबन्धित को निर्देषित किया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा के साथ अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह उपस्थित रहें।